NEWS18 हिंदी

मालदा में 1 लाख के नकली नोट बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

मालदा में 1 लाख के नकली नोट बरामद

पश्चिम बंगाल (West Bengal) के मालदा (Malda) जिले में एक व्यक्ति के पास से 2000 रुपये के 50 नकली नोट (Fake currency) भी बरामद किए गए हैं.

- भाषा
- **LAST UPDATED:** OCTOBER 7, 2019, 10:14 AM IST

मालदा. पश्चिम बंगाल (West Bengal) के मालदा (Malda) जिले में एक व्यक्ति को नकली नोटों (Fake currency) के साथ गिरफ्तार किया गया है. जब्त किये गए नकली नोट एक लाख रुपए मूल्य के हैं. जिला पुलिस अधीक्षक आलोक राजोरिया ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर अधिकारियों ने कलिअचक थानाक्षेत्र में शाहबाजपुर गांव में छापा मारा और 36 वर्षीय रफीकुल मोमिन को गिरफ्तार किया. उसके पास से 2000 रुपये के 50 नकली नोट भी बरामद किए गए हैं.

उन्होंने बताया कि भादंवि की संबंधित धाराओं के तहत कलिअचक पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया.

बता दें कि इससे पहले भी स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की एंटी-एफआईसीएन टीम ने शनिवार को मालदा में एक व्यक्ति को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था, जिसके पास से 1,92,000 रुपये के नकली नोट बरामद किए गए थे. आरोपी की पहचान मालदा के बैष्णबनगर के कुम्भीरा गांव निवासी यूसुफ सेख (21) के रूप में हुई थी. उन्हें 2,000 रुपये मूल्य के 96 नकली नोट थे.

Source: https://hindi.news18.com/news/nation/rs-1-lakh-in-fake-currency-seized-in-west-bengal-2491147.html